नई आक्रामक नीति के कारण उनकी टीम को लगातार पांच मैचों में जीत मिली है। हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और हमें गर्व है कि हमने एक साथ प्रदर्शन किया। यह पूरा आत्मविश्वास का खेल है। **- फाफ डुप्लेसी**

आरसीबी के कप्तान, टीम के हालिया प्रदर्शन पर कहा।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

श्याम निखिल

पी. श्याम निखिल हाल ही में दुबई पुलिस मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल करके भारत के 85वें ग्रैंडमास्टर बन गए। 8 साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू करने वाले श्यामनिखिल को तीसरे नॉर्म के साथ इस उपलब्धि के लिए 12 साल का इंतजार करना पड़ा। श्याम निखिल को लंबे समय से प्रतीक्षित जीएम नॉर्म पूरा करने के लिए सिर्फ एक जीत और आठ ड्रॉ की जरूरत थी, उन्होंने दुबई में खेले गये टूर्नामेंट में हासिल किया। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 2012 में दो ग्रैंडमास्टर नॉर्म के साथ 2500 ईएलओ रेटिंग अंक हासिल कर लिये थे।

क्या आप जानते हैं ?... गोल्फ एकमात्र ऐसा खेल है जिसे चांद पर भी खेला गया है। 6 फरवरी, 1971 को एलन शेफर्ड नामक अंतरिक्ष यात्री ने चन्द्रमा पर गोल्फ के दो स्ट्रोक खेले।

चेन्नई में धोनी के मंदिर बनाए जाएंगे : रायडू

चेन्नई, 13 मई। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ी अंबाती रायडू ने ये दावा करके सनसनी फैला दी है कि आने वाले सालों में चेन्नई में एमएस धोनी के मंदिर बनाए जाएंगे। उनका ये बयान सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ

अहम जीत के बाद आया है, जिससे उनकी आईपीएल 2024 प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार हैं। अंबाती रायडू ने कहा कि, वह चेन्नई के भगवान हैं और मुझे यकीन है कि आने वाले समय में चेन्नई में धोनी के मंदिर बनाए जाएंगे। वह ऐसे शख्स हैं, जिन्होंने भारत को 2 वर्ल्ड कप का आनंद दिलाया और चेन्नई को कई आईपीएल और चेन्नई को कई आईपीएल और चैंपियंस लीग खिताब दिलाए। वह एक ऐसे शख्स हैं, जो अपने खिलाड़ियों पर विश्वास दिखाते हैं, जिसने हमेशा टीम, देश और चेन्नई के लिए ऐसा किया है। एमएस धोनी की मौजूदा फिटनेस और उनकी बढ़ती उम्र को देखकर कयास लगाए जा रहे हैं कि चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2024 आखिरी सीजन होने वाला है। अगर ये सही है तो उन्होंने सीएसके के लिए चेन्नई में आखिरी मुकाबला खेल लिया है और धोनी भी यही चाहते थे। अगर चेन्नई दूसरे क्वालीफायर और फाइनल तक पहुंचती है तो चेन्नई के फैंस एक बार फिर उन्हें होम ग्राउंड पर देख पाएंगे।

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए नीदरलैंड टीम का ऐलान
स्कॉट एडवर्ड्स को मिली कमान

नीदरलैंड, 13 मई। रॉयल डच क्रिकेट संघ ने आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए नीदरलैंड स्क्वॉड का ऐलान किया है। जहां स्कॉट एडवर्ड्स को टीम की कमान सौंपी गई है।ये डच राष्ट्रीय टीम का लगातार तीसरा आईसीसी टूर्नामेंट है, जिसने 2022 टी20 वर्ल्ड कप और 2023 वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई किया है। टीम टी-20 विश्व कप अभियान की शुरुआत चार जून को डलास में नेपाल के खिलाफ करेगी। इसके चार दिन बाद उसके सामने न्यूयॉर्क में दक्षिण अफ्रीका की मजबूत चुनौती होगी। उसके आखिरी दो ग्रुप मैच बांग्लादेश (13 जून) और श्रीलंका (17 जून) के खिलाफ हैं। वहीं कप्तानएडवर्ड्स ने नीदरलैंड के लिए 56 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 122 की स्ट्राइक-रेट से 671 रन बनाए हैं। टीम में भारतीय मूल के क्रिकेटरों तेजा निदामानुरु, विक्रम सिंह और आर्यन दत्त को भी शामिल किया गया है। टीम के कोच रयान कुक ने कहा है कि, हम एक अच्छी तरह से संतुलित टीम का चयन करने में सक्षम हैं और हमें विश्वास है कि हम अमेरिका और वेस्टइंडीज में विपक्षी टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करेंगे। नीदरलैंड के स्कॉड में स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, डेनियल डोरम, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, लोगान वैन बीक, मैक्स ओ डोड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट, तेजा निदामानुरु, टिम प्रिंगल , विक्रम सिंह और वेस्ले बर्रेसी मौजूद रहेंगे।

कोरियाई सांस्कृतिक केन्द्र भारत के छह ताइक्वांडो छात्रों ने भारतीय राष्ट्रीय टीम में बनायी जगह

नयी दिल्ली, 13 मई। कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत के छह ताइक्वांडो छात्रों को भारतीय राष्ट्रीय टीम में स्थान मिला है। ये प्रतिभाशाली छात्र 14 मई को वियतनाम के दा नांग में शुरू होने जा रही एशियाई ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। इसका श्रेय कोरियाई सांस्कृतिक केन्द्र भारत के विशेषज्ञ ताइक्वांडो प्रशिक्षक ली वानयोंग को जाता है। वह भारतीय टीम के कोच भी हैं। कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत के प्रतिभाशाली छह छात्र अविनाश कुमार साहनी, अनुराग यादव, शिल्पा थापा, हर्षवर्द्धन गुरुंग, कुणाल कुमार और रितिका नेगी इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एथलीट दो श्रेणियों - पूमसे और क्योरुगी में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसके अतिरिक्त भारतीय युवाओं को ताइक्वांडो की ओर आकर्षित करने के लिये, कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत ने इंडिया ताइक्वांडो के साथ मिलकर एक अहम समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। यह समझौता दिल्ली में कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक, इल योंग और इंडिया ताइक्वांडो के अध्यक्ष नामदेव संपत शिरगांवकर ने की है। इस समझौते के अंतर्गत, भारत ताइक्वांडो और कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत साझा शैक्षिक पहलों का संचालन करेंगे, जिसमें ताइक्वांडो की शिक्षा, प्रतियोगितायें, प्रशिक्षण शिविर, कोरियाई सांस्कृतिक ताइक्वांडो अभियान, और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रतिनिधित्व के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं। ये पहलें मार्शल आर्ट्स के छात्रों की क्षमता और आत्म-विश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आगे चलकर इस खेल में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिये उत्साहित करेंगी। इंडिया ताइक्वांडो, भारतीय ताइक्वांडो खेल का प्रबंधन संस्थान है और यह विश्व ताइक्वांडो तथा एशियाई ताइक्वांडो का सदस्य भी है। कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत के निदेशक इल योंग ने कहा, हम भारत में ताइक्वांडो के उन्नित के लिये अथक प्रयास जारी रखेंगे। स्कूली शिक्षा में ताइक्वांडो की कक्षायें और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों को कोरियाई संस्कृति से परिचित कराने के साथ-साथ उनके भविष्य की दिशा में नई उम्मीदें और संभावनायें भी खोलेंगे। भारत ताइक्वांडो के प्रमुख नामदेव संपत शिरगांवकर ने साथ कहा, ताइक्वांडो की उत्पत्ति कोरिया में हुई थी, और इसे भारत में कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र के सहयोग से विकसित करना हमारे लिये एक गौरव की बात है।

बारिश बनी विलेन

गुजरात टाइटंस प्लेऑफ की रेस से बाहर

गुजरात-कोलकाता मैच बारिश के कारण रद्द, दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला

गुजरात, 13 मई। आईपीएल-2024 में गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स का मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। इसी के साथ गुजरात की टीम मौजूदा सीजन की प्लेऑफ रेस से बाहर हो गई। दूसरी ओर, टॉप-2 में कोलकाता की जगह पक्की हो गई है। अहमदाबाद में सोमवार शाम से रात तक बारिश होती रही। ऐसे में अंपायर्स ने दोनों कप्तानों से चर्चा कर मैच रद्द करने का फैसला किया। दोनों टीमों को एक-एक अंक दिए गए। इस मैच के एक अंक के साथ के 19 अंक हो गए, जबकि गुजरात के पास 11 अंक ही हैं और टीम 16 मई को सनराइजर्स हैदराबाद से जीतकर भी 13 अंक तक ही पहुंच सकती है। जो क्वालिफाई करने के लिए काफी नहीं है। दूसरी ओर कोलकाता ने टॉप-2 में रहना कन्फर्म कर लिया है। क्योंकि पॉइंट्स टेबल की कोई भी टीम अब 19 या उससे ज्यादा पॉइंट हासिल नहीं कर पाएगी।

थाईलैंड ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे सात्विक-चिराग

थाईलैंड, 13 मई। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक की दावेदार भारत की इस शीर्ष वरीय जोड़ी को थॉमस कप में इंडोनेशिया और चीन के खिलाड़ियों की सर्विस का सामना करने में थोड़ी मुश्किल हुई थी।

सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों ने अपने कौशल को निखारने पर काम किया है और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में उन्हें अपने नए शॉट और बदलाव को परखने का शानदार मौका मिलेगा।

विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय को मौजूदा सत्र में स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद लय हासिल करनी होगी। इंडोनेशिया के एंथोनी गिनटिंग के खिलाफ जीत से प्रणय का आत्मविश्वास बढ़ा होगा लेकिन चीन के शी युकी के खिलाफ हार से वह परेशान होंगे क्योंकि उन्हें करीबी मुकाबले जीतने की जरूरत है। किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करूणाकरण भी एकल वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं जबकि लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू पिछले हफ्ते टूर्नामेंट के ड्रॉ की घोषणा से पहले प्रतियोगिता से हट गए।

किरण को पहले दौर में चीन के ऑस्ट्रेलिया ओपन विजेता वेंग होंग यैंग से भिड़ना है जबकि सतीश अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। सिंधू की गैरमौजूदगी में महिला एकल में भारत की नजरें अश्मिता चालिहा, मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप पर रहेंगी। अश्मिता को पहले दौर में इंडोनेशिया की ईस्टर नुरूमी त्री वारडोयो से भिड़ना है जबकि मालविका को चीन की शीर्ष वरीय हेन युई के खिलाफ खेलना है। आकर्षी का सामना पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबैमरुंगफान से होगा।

घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड लौटे पंजाब के लिविंगस्टोन

नयी दिल्ली, 13 मई। पंजाब किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले घुटने की चोट से उबरने के लिए सोमवार को इंग्लैंड लौट गए। पंजाब किंग्स की टीम 12 मैच में सिर्फ चार जीत के साथ पहले ही इंडियन प्रीमियर लीग के प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अभी आठ अंक के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। लिविंगस्टोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''आईपीएल का एक और साल हो गया, आगामी विश्व कप के लिए अपने घुटने को ठीक कराना पड़ेगा।''

उन्होंने लिखा, ''पंजाब किंग्स के प्रशंसकों को उनके प्यार और समर्थन के लिए एक बार फिर धन्यवाद। टीम और निजी तौर पर निराशाजनक सत्र लेकिन हमेशा की तरह मैंने आईपीएल में हर मिनट खेलने का लुत्फ उठाया।'' स्वदेश लौटने के कारण लिविंगस्टोन राजस्थान रॉयल्स (15 मई) और सनराइजर्स हैदराबाद (19 मई) के खिलाफ पंजाब किंग्स के अंतिम दो मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। लिविंगस्टोन की चोट गंभीर नहीं है लेकिन 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' के अनुसार इंग्लैंड के टीम प्रबंधन ने 22 मई से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही घरेलू टी20 श्रृंखला से पहले उन्हें उपचार के लिए अधिक समय देने का फैसला किया है।

रोहित शर्मा और जय शाह ने लॉन्च की टीम इंडिया की जर्सी

मुंबई, 13 मई। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए एडिडास ने हाल ही में भारतीय जर्सी की झलक सभी के सामने पेश की। वहीं अब बीसीसीआई ने आधिकारिक रूप से जर्सी लॉन्च कर दी है। रोहित शर्मा और सचिव जय शाह ने नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में जर्सी प्रस्तुत की। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारत का शेड्यूल इस प्रकार है। भारत बनाम आयरलैंड- 5 जून, भारत बनाम पाक-9 जून, भारत बनाम यूएस- 12 जून, भारत बनाम कनाडा- 15 जून को मैच होंगे।

राजस्थान रॉयल्स को बीच में छोड़ देश लौटे बटलर

जयपुर, 13 मई। आईपीएल 2024 के सबसे अहम पड़ाव पर राजस्थान रॉयल्स को बड़ा झटका लगा है। राजस्थान रॉयल्स के सबसे अहम खिलाड़ी जोस बटलर सोमवार को इंग्लैंड के लिए रवाना हो गए। इसके अलावा कुछ अन्य विदेशी खिलाड़ी भी अपने देश लौट रहे हैं। इसी तर्ज पर आरसीबी के विल जैक्स और रीस टॉप्ले ने भी घर वापसी करनी शुरू कर दी है।

वहीं विल जैक्स के वापस लौटने से आरसीबी को भी मुश्किल का सामना करना पड़ा है, जो पिछले पांच मैचों से लगातार जीत रही है। बता दें इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने आईपीएल में अपने खिलाड़ियों के लिए

डेडलाइन तय कर रखी थी। वहीं राजस्थान की टीम ने जोस बटलर का एक वीडियो भी शेयर किया है। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है- हम आपको मिस करेंगे बटलर। इस वीडियो में बटलर टीम को गुडबाय कर रहे हैं। कार में बैठते हुए वह ये भी कर रहे हैं अगली मुलाकात में आपके हाथ में आईपीएल ट्रॉफी नजर आनी चाहिए। बता दें कि राजस्थान वैसे तो पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। लेकिन उसने अभी तक प्लेऑफ में क्वॉलीफाई नहीं किया है। ऐसे में उसे बटलर की कमी खलेगी, जिन्होंने इस सीजन में राजस्थान रॉयल्स के लिए दो शतक समेत 11 मैचों में 359 रन बनाए हैं।

विश्व कप के बाद रोहित शर्मा टी-20 फॉर्मेट को कह सकते हैं अलविदा

मुंबई, 13 मई। जून में टी20 वर्ल्ड कप का आगाज होने जा रहा है। जिसके लिए दुनिया की 20 टीमों ने कमर कस ली है। इसके साथ ही भारतीय टीम की अगुवाई रोहित शर्मा करेंगे, जिसके बाद वो टी20 फॉर्मेट को अलविदा कह सकते हैं। दरअसल, माना जा रहा है कि भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप में जो भी आखिरी मुकाबला खेलेगी, वह उनका आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच होगा। इसके पीछे का कारण ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या हैं।

बता दें कि, दैनिक जागरण की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई हार्दिक पंड्या को आगे इसलिए टी20 टीम का कप्तान बनाना चाहती है, क्योंकि वे ऑलराउंडर हैं। इसी कारण से उनको टी20 वर्ल्ड कप जैसे मेगा इवेंट के लिए उपकप्तान बनाया गया है। इसके अलावा रोहित शर्मा के पास खुद को शॉर्ट फॉर्मेट में साबिक करने का भी आखिरी मौका है। रोहित शर्मा भले ही टीम इंडिया के कप्तान हैं, लेकिन वे हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं।

10 साल तक मुंबई इंडियंस के कप्तान रहे रोहित शर्मा को फ्रेंजाइजी ने कप्तानी से

हटा दिया और हार्दिक पंड्या को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंप दी। इसके बाद से ही रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या के बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। यहां तक मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से भी बाहर हो गई है। इससे फैंस भी नाखुश हैं और वे एमआई को उस तरह से सपोर्ट नहीं कर रहे हैं।

वहीं रोहित शर्मा के रिटायमेंट के पीछे उनकी उम्र भी है। रोहित शर्मा 37 के पार हो चुके हैं जबकि हार्दिक पंड्या अभी 30 के करीब हैं। ऐसे में भविष्य को देखते हुए हार्दिक पंड्या को बीसीसीआई कम से कम टी20 टीम का कप्तान बनाने के बारे में सोच ही है। क्योंकि वे सिर्फ व्हाइट बॉल क्रिकेट में नजर आते हैं। टी20 क्रिकेट भी रोहित शर्मा ने नवंबर 2022 के बाद से ज्यादा नहीं खेला। वे तीन मैच टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले खेले हैं, जिनमें दो बार वे शून्य पर आउट हुए और एक मैच में शतक जड़ा। आईपीएल 2024 में भी रोहित शर्मा की फॉर्म अच्छी नहीं है। हालांकि, शुरुआत उन्होंने अच्छी की थी।

हमारा सारा ध्यान ओलंपिक की तैयारी और प्रदर्शन की निरंतरता पर होगा : राहिल

बेंगलुरु, 13 मई। भारतीय हॉकी टीम के मिडफिल्डर मोहम्मद राहिल मोहसिन ने कहा कि एफआईएच लीग में हमारा सारा ध्यान पेरिस ओलंपिक की तैयारियों और प्रदर्शन में निरंतरता पर होगा। राहिल ने कहा, मुझे लगता है कि मुख्य ध्यान ओलंपिक की तैयारी पर है। मेरा मानना है कि हमारा पिछला प्रशिक्षण वास्तव में अच्छा था। मेरा मानना है कि एफआईएच प्रो लीग मैचों से टीम को और मुझे मदद मिलेगी। मैं कई बार टीम से अंदर-बाहर होता रहा हूं, इसलिए पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए टीम में जगह पक्की करने का यह सही मौका होगा।

अखिल भारतीय कुश्ती महासंघ ने खंडेलवाल को दिया समर्थन

नयी दिल्ला, 13 मई। अखिल भारतीय कुश्ती महासंघ ने दिल्ली के चांदनी चौक से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल को सोमवार को अपना पूरा समर्थन दिया। महासंघ ने दिल्ली के सिविल लाइन्स में एक आयोजन में श्री खंडेलवाल को श्रीहनुमान की गदा भेंटकर सम्मानित कर अपने पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। इस अवसर पर श्री खंडेलवाल ने वहां उपस्थित द्रोणाचार्य पुरस्कार से 2016 में सुसज्जित माना सिंह राव और 2015 में सुसज्जित राज सिंह को मंच पर बुला कर सम्मानित किया तथा कुश्ती के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की खेल संस्कृति को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें कुश्ती का भी महत्वपूर्ण स्थान है। देश भर में कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए कई ठोस योजनाएं बनाई गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को इस पारंपरिक खेल से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना और जरूरी सुविधाएं मुहैया कराना है।

चौथे स्थान पर रहे ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा, कार्लसन ने सुपरबेट टूर्नामेंट जीता

वारसॉ, 13 मई। भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट रेपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहे जबकि मैग्नस कार्लसन ने शीर्ष स्थान हासिल किया। यह टूर्नामेंट ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा है। अंतिम दिन कार्लसन ने ब्लिट्ज वर्ग में नौ में से आठ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। चीन के वेई यी अंतिम दिन 2.5 अंक की बढ़त के साथ उतरे थे लेकिन अंतिम नौ बाजियों में पांच ही अंक जुटा सके और दूसरे स्थान पर रहे।

फैडरेशन कप के फाइनल्स में खेलेंगे नीरज चोपड़ा और किशोर जेना

नई दिल्ली, 13 मई। भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और किशोर जेना को 15 मई को होने वाले फेडरेशन कप फाइनल्स में सीधे प्रवेश दिया गया है। दरअसल, इन दोनों ने अपने करियर में 75 मीटर का न्यूनतम क्वालीफाइंग स्तर कई बार हासिल किया है।ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा पिछले हफ्ते दोहा डाइमंड लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन करके यहां आए हैं जहां वह 88.38 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे।

हालांकि एशियाई खेलों के रजत विजेता जेना का डाइमंड लीग में पदार्पण निराशाजनक रहा क्योंकि वह 76.31 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीन दौर के बाद बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2023 में छठे स्थान पर रहे डीपी मनु की नजरें 85.50 मीटर के स्तर को पार करके पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी और वह भी सीधे फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के क्वालीफिकेशन नियमों का हवाला देते हुए कहा, ''वे सभी जो 75 मीटर के स्तर को पार कर चुके हैं, वे मंगलवार को क्वालीफाइंग दौर में प्रतिस्पर्धा नहीं

करेंगे। जिन लोगों ने प्रविष्टियां दी हैं उनमें नीरज और जेना सहित ऐसा करने वाले नौ खिलाड़ी हैं। वे सीधे बुधवार को फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''75 मीटर से कम थ्रो करने वाले बाकी खिलाड़ी क्वालीफाइंग दौर में प्रतिस्पर्धा करेंगे और शीर्ष तीन खिलाड़ी फाइनल में 75 मीटर से ऊपर भाला फेंकने वाले नौ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्ध करेंगे।''

एएफआई 26 वर्षीय चोपड़ा के तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में खेलने को लेकर काफी उत्सुक है। एएफआई के एक शीर्ष अधिकारी ने पीटीआई को बताया, ''एएफआई नीरज के फेडरेशन कप में हिस्सा लेने से बिल्कुल भी हैरान नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि घरेलू प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी भारतीय एथलेटिक्स के लिए बहुत अच्छी बात है।'' यह पता चला है कि एएफआई चाहता था कि चोपड़ा तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद और पेरिस खेलों से पहले एक घरेलू प्रतियोगिता में भाग लें।

नीरज चोपड़ा ने 2022 और 2023 में किसी भी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि वह विदेश में प्रशिक्षण या प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। वह पिछली बार घरेलू टूर्नामेंट में मार्च 2021 में फेडरेशन कप में खेले थे। पता चला है कि चोपड़ा दोहा से भारत पहुंच चुके हैं लेकिन वह मंगलवार को ही यहां पहुंचेंगें एशियाई खेलों के पदक विजेता जेना सोमवार को यहां पहुंच रहे हैं। नायर ने पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम के सदस्य राजेश रमेश की चोट को अधिक तूल नहीं दिया जो इस महीने की शुरुआत में बहामास में पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट (शुरुआती दौर की रेस) के दूसरे चरण के दौरान बीच में ही हट गए थे। ओलंपिक क्वालीफाइंग हीट के दूसरे दौर में रमेश की जगह अरोकिया राजीव को लिया गया, जो पूरी तरह से फिट नहीं थे लेकिन भारतीय टीम ने पेरिस का टिकट कटा लिया। नायर ने कहा, ''रमेश की चोट पैर की मांसपेशियों में खिंचाव नहीं है, यह जांघ में टेंडन से संबंधित है। इसलिए यह कोई बड़ी चोट नहीं है। उसके 10-15 दिनों में ट्रेनिंग शुरू करने की उम्मीद है। राजीव भी जल्द ही ठीक हो जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''ओलंपिक की तैयारी में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।''

कुल 19 ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने पेरिस के लिए क्वालीफाई किया है और नायर ने कहा कि टीम ओलंपिक के लिए पेरिस जाने से पहले चार सप्ताह तक पोलैंड के स्पाला में ट्रेनिंग करेगी। ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाएं एक अगस्त से शुरू होंगी। उन्होंने कहा, ''ओलंपिक से पहले टीम स्पाला में प्रशिक्षण लेगी और हम प्रतियोगिता शुरू होने से तीन या चार दिन पहले पेरिस पहुंचेंगे।'' भारतीय एथलीट पहले भी कई बार स्पाला में प्रशिक्षण ले चुके हैं। नायर ने यह भी कहा कि विश्व रिले के दौरान बहामास में विफलता के बावजूद एएफआई को अब भी मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम के पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद है। हालांकि अब केवल दो स्थान बचे हैं।